## महत्वपूर्ण एवं खास

### कल डाक्टर रहेंगे हड़ताल पर

जगदलपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक 2019 के कुछ प्रावधान आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र के लिए अस्वीकार्य हैं। कम्यूनिटी स्वास्थ्य प्रदाता हजारों गरीब, ग्रामीण रोगियों के लिए यह सीधा खतरा है। छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिकारी संघ मांग करता है कि भारत सरकार आधुनिक चिकित्सकों से सार्थक शासकीय चिकित्सक महासंघ तथा आईएमए के आह्वान पर छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी ने यह निर्णय लिया है कि संघ के समस्त चिकित्सक भी 8 अगस्त को हड़ताल पर रहेंगे। उक्त जानकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने दी है। उक्त संबंध में सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराबी ने गाली -गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर महिला के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सकरी निवासी श्रीमती दीपमाला ढीढी 32 वर्ष पति जितेंद्र कुमार ढीढी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह मितानीन का कार्य करती है। 6 अगस्त को रामेश्वर गेंड्रे ने शराब पीकर घर के सामने बैठे पिता को गाली देते हुए उनके ऊपर फेंकने पर आरोपी को प्रार्थियां ने मना किया तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारकर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### होटलों में मिली गंदगी, निगम ने ठोका जुर्माना

» एक होटल का लाईसेंस भी नहीं मिला

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर नगर निगम की टीम द्वारा आज टाटीबंध के 2 होटलों में साफ सफाई की जांच की गई। वहां गंदगी पाये जाने पर 2 - 2 हजार रू. का जुर्माना ठोका गया। निगम के जोन क्रमांक 8 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छापेमार की कार्यवाही की गई। जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी एएन साहू ने बताया कि टाटीबंध के शिव स्वीट्स में जांच के दौरान मक्खियां भिनभिनाते पाये गई। साथ ही वहां साफ सफाई भी ठीक से नहीं की गई थी। वहां रखे ब्रेड भी बासी पाये गये। होटल में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जा रहा था। इसी तरह यहीं के मिठाईवाला नामक दुकान में भी गंदगी पायी गयी। इस होटल में खाद्य लाईसेंस भी नहीं पाया गया। जिस पर दोनों होटलों पर 2 - 2 हजार रू. जुर्माने की कार्यवाही की गई।

### किशोरी को पुस्तक देने के बहाने घर बुलाकर किया छेड़खानी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। किशोरी को पुस्तक देने के बहाने घर बुलाकर बेईज्जत करने की नियत से हाथ बांह पकड़कर छेड़खानी करने की रिपोर्ट गोबरा नवापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तर्री गोबरा नवापारा निवासी किशोरी 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि केसरपारा नवापारा निवासी महेश कंसारी ने 4 अगस्त को पुस्तक देने के बहाने घर बुलाकर हाथ बांह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। प्रार्थियां द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी छोड़कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्टो एक्ट की धारा 354 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# रेल पटरी धंसने से समलेश्वरी एवं राऊरकेरा एक्सप्रेस रद्द

» सुकमा से उड़ीसा का संपर्क टूटा, बीजापुर मुख्यालय का सैकड़ों गांवों से संपर्क विच्छेद » बस्तर में बाढ़ से सुकमा एवं बीजापुर जिले में फिर मची तबाही





जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर में लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। सुकमा जिले में शबरी में बाढ़ से उड़ीसा मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध हो गया है, वहीं बीजापुर मुख्यालय का बाढ़ के चलते सैकड़ों गांवों से संपर्क टूट गया है। इस बीच उड़ीसा मार्ग पर आमादुला स्टेशन के समीप पटरी धंसकने से जगदलपुर से कोलकाता जाने वाली समलेश्वरी एवं राऊरकेरा एक्सप्रेस रद्द कर दी गयी है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार जगदलपुर - रायगढ़ा (ओडिसा के.आर) रेलमार्ग के आमादुला स्टेशन एवं वेदांता के बीच पटरी के नीचे मिट्टी धंसकने से बस्तर से रेल संपर्क टूट गया है। वेस्ट बंगाल, ओड़िसा, झारखंड से आने वाली, समलेश्वरी, हीराखण्ड, राऊरकेला एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। उक्त हादसे की वजह से इस मार्ग पर चलने वाली मालगाड़ियां भी प्रभावित हुयी हैं। भारी बारिश से पटरियां क्षतिग्रस्त हो गयी हैं, जिससे मालगाड़ी के कुछ डब्बे भी गिर गए हैं।

सुकमा जिले में एक बार फिर शबरी नदी का पानी झापरा पुल के ऊपर बह रहा है, जिससे सुकमा जिला का आंध्रा, तेलंगाना से संपर्क टूट गया है। कोंटा के चट्टी चिड़मुड़ एनएच 30 रोड में 4 फिट ऊपर पानी बह रहा है, जिसकी वजह से आंध्रा तेलंगाना जाने वाली सभी गाड़ियां फंस गयी हैं और लगातार जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। गोदावरी के बैक वाटर से कोंटा क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। कोंटावासियों को एलर्ट कर दिया गया है। इधर सुकमा-दंतेवाड़ा मार्ग पर स्थित गादीरास में मलगेर नदी का पानी पुल से 6 फीट ऊपर चढ़ गया है, जिससे 12 पंचायतों से सड़क संपर्क विच्छेद हो गया है। जगदलपुर-सुकमा मार्ग पर आज सुबह बोरगुड़ा के पास एनएच 30 पर पेड़ गिरने से लगभग 4 घटे मार्ग अवरुद्ध रहा। बाद में पुलिस की सहायता से यातायात बहाल करवाया गया।

इधर नदी नालों में आयी बाढ़ के कारण बीजापुर जिला मुख्यालय का गंगालूर, चेरपाल, बासागुड़ा, कुटरू, तोयनार इलाकों से सड़क संपर्क भंग हो गया है।

## किन्नर समुदाय एक सौ आठ मंगल कलश यात्रा निकालेगा 9 को

रायपुर (आरएनएस)। किन्नर समुदाय 9 अगस्त को संतोषी नगर चौक से दोपहर 12 बजे 108 मंगल कलशों के साथ अच्छी वर्षा होने की कामना को लेकर कलश यात्रा निकालेगा। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में सामाजिक कार्यकर्ता शैली राय। कार्यक्रम की संयोजक यास्मिन जान, तृतीय लिंग की राज्य स्तरीय पदाधिकारी विद्या राजपूत ने संयुक्त रूप से दी।

वार्ताकारों ने बताया कि उक्त कलशयात्रा सिद्धार्थ चौक स्थित नरहईया तालाब में कलशों के विसर्जन के साथ समाप्त होगी। मंगल कलशयात्रा के दौरान ढोल एवं नगाड़ों के बीच शहर के भक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शैली राय ने बताया कि किन्नर समाज को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से ऋषभ सोनी, राज साहू एवं फौजिया का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## नक्सलियों से लोहा लेने वाले जवान भालुओं से परेशान

कांकेर (आरएनएस)। देश भर के जवानों को ट्रेनिंग देकर नक्सल और आतंकी मोर्चे के खिलाफ अहम भूमिका निभाने वाले जंगलवार कॉलेज के जवान पिछले कुछ दिनों से भालुओं के आतंक से परेशान हैं। भालुओं ने एकाएक जंगलवार कॉलेज में उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। भालू ने इस दौरान कमांडो ट्रेनिंग ले रहे एक जवान पर भी हमला कर दिया, जिससे जवान को कुछ चोटें आई हैं। जंगलवार कॉलेज में घूमते भालू खाने की तलाश में आते हैं। भालू दरअसल जंगलवार कॉलेज पहाड़ी जंगलों में है और यहां भालुओं की मौजूदगी रहती है. पिछले कुछ दिनों से भालू कालेज के कैम्पस तक आ रहे हैं, जिससे जवानों पर खतरा बढ़ गया है। शाम होते ही कॉलेज के कैम्पस में भालू घूमते नजर आ रहे हैं। वहीं खाने की तलाश में भालू कॉलेज की मेस के पास डेरा डाल लेते हैं। भालुओं के कॉलेज तक आ जाने की जानकारी अब वन विभाग को दी गई है। ताकि भालुओं को पकड़ कर दूर छोड़ा जा सके। वन विभाग के द्वारा कालेज में जगह-जगह पिंजरे लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां शुरू में 2 से 3 भालू ही थे, लेकिन अब इनकी तादाद काफी ज्यादा हो गई है। जिसके चलते भालू अब कालेज के कैम्पस तक आ रहे हैं। भालू बन रहे ट्रेनिंग सेंटर तक घुस आने से जवानों की ट्रेनिंग में बाधा आ रही है। कमांडो ट्रेनिंग वाले स्थान पर दिनदहाड़े भालुओं को घूमते देखा जा सकता है। जिससे जवानों की ट्रेनिंग पर असर पड़ रहा है। बता दें कि जंगलवार कालेज में नक्सल मोर्चे पर तैनात होने वाले जवानों के साथ साथ देश भर के जवानों को ट्रेनिंग दी जाती है। भालुओं को नुकसान नहीं पहुंचाने की हिदायत जंगलवार कालेज के डायरेक्टर ब्रिगेडियर बी.के. पोनवार ने दी है। ब्रिगेडियर पोनवार ने बताया कि वन विभाग को भालुओं की तादाद बढ़ने की सूचना दी गई है, उनके द्वारा भालुओं को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## उदंती अभ्यारण्य में वनभैसा (खुशी) ने दिया बछड़े को जन्म



गरियाबंद (आरएनएस)। गरियाबंद जिले के उदंती अभ्यारण्य में एक मादा वनभैसा ने एक बछड़े को जन्म दिया है। इससे वन विभाग के लोगों के साथ पशु प्रेमियों में खुशी देखी जा रही है। प्रसव के बाद बछड़ा और वनभैसा दोनों ठीक है।

उदंती अभ्यारण्य में उस समय खुशी का माहौल निर्मित हो गया जब वहां एक मादा वनभैसा ने वहां एक बछड़े को जन्म दिया। दिल्ली से आये डाक्टरों की निगरानी में वनभैसा का प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद बछड़ा व वनभैसा दोनों ठीक है। डाक्टरों की टीम उनकी देखरेख में लगी हुई है।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वनभैसा लुप्त होने की कगार पर है। उदंती अभ्यारण्य में सिर्फ 11 वन भैसा ही बचे हैं। उनमें मादा वनभैसा की संख्या सिर्फ 2 है। जिनका नाम आशा और दूसरी का खुशी है। इसमें आशा बुजुर्ग हो चुकी है और वह प्रजजन योग्य नहीं है। खुशी भी आशा की ही बेटी है जिसने बछड़े को जन्म दिया है। इधर वन भैसों की संख्या लगातार कम होने के कारण वन विभाग के अधिकारियों ने उम्मीद लगा रखी थी कि आशा के बाद खुशी भी बेटी को जन्म देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## तेज रफ्तार कार ने दो भैंसा को मारी ठोकर, एक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार ने खेत जोतने ले गए किसान की दो भैंसों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके चलते एक भैंसे की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट नेवरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती तिल्दा नेवरा निवासी गणेश राम 54 वर्ष पिता फूलदास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 अगस्त को सुबह अपनी खेत में बियासी करने के लिए एक जोड़ी भैंसा लेकर गया था। बियासी करने के बाद शाम चार बजे किसान भैसा को चारा चरने के लिए छोड़ दिया था शाम करीब 7 बजे तिल्दा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 07 एमबी 1162 के चालक ने दोनों भैसों को जोरदार ठोकर मार दिया जिसके चलते एक भैंसे की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 289, 429 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## नंदन वन के पास सड़क किनारे मिला नवजात शिशु, जांच में जुटी पुलिस



रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के आमानाका थाना अंतर्गत नंदनवन के पास एक नवजात शिशु को किसी ने जीवित अवस्था में सड़क किनारे छोड़ दिया था, राहगीरों ने नवजात को देखकर तत्काल इसकी सूचना 112 को दिया। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर नवजात को एम्स अस्पताल में भर्ती करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह नंदनवन से चंदनडीह की ओर जाने वाली सड़क के किनारे लोगों ने नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। लोग ये नहीं समझ पा रहे थे कि कैसे कोई इस तरह से अपने नवजात बच्चे को सड़क किनारे मरने के लिए छोड़ सकता है। लोगों ने घटना की जानकारी 112 पर दिया जिसके बाद 112 की टाइगर -2 टीम ने शिशु को एम्स में भर्ती करवा दिया। सड़क किनारे नवजात शिशु के मिलने पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## ट्रक की ठोकर से बाईक सवार की मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। एनएच 30 पर टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। जगदलपुर की ओर से बाइक सवार को रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने चपेट में ले लिया। घटना में बाइक चालक की मौत हो गई। हादसे के एक घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंच पाई थी। बस्तर चौकी पुलिस का कहना है कि घटना स्थल चौकी से करीब पंद्रह किमी दूर है। ऐसे में पुलिस पार्टी को मौके पर पहुंचने में समय लग रहा है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## स्वतंत्रता दिवस पर्व 15 को मांस- मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी रायपुर नगर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को शतप्रतिशत रूप से स्वतंत्रता दिवस पर्व 15 अगस्त 2019 गुरूवार के पावन अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर नगर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल मांस- मटन जप्त करके संबंधित दुकानदार व व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कडी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एके हलदार ने निगम के समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारियों एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को स्वतंत्रता दिवस पर्व 15 अगस्त 2019 गुरूवार के पावन अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में दिनभर सतत पर्यवेक्षण कर प्रतिबंध आदेश का पूर्ण व्यवहारिक परिपालन कड़ाई के साथ सुनिश्चित करवाने के आदेश दिये हैं।

वहीं नगर निगम आयुक्त शिव अनंत तायल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 अगस्त 2019 गुरूवार को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के पावन अवसर पर रायपुर निगम क्षेत्र में कहीं भी प्रतिबंध के बावजूद मांस-मटन की कोई भी दुकान खुली मिली तो उक्त क्षेत्र से संबंधित जोन कमिश्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही राज्य शासन के निर्देशों का पूर्ण व्यवहारिक परिपालन ना पाये जाने की स्थिति में की जायेगी।

## लम्बरगिनी फेम सिंगर्स के नए ट्रैक में अब दिखेंगी आलिया भट्ट




आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे व्यस्त एक्टर्स में से एक हैं। आलिया की झोली में कई मजेदार और शानदार फिल्में हैं। इसके अलावा उनके फैन्स उन्हें बहुत जल्द एक म्यूजिक विडियो में देख सकेंगे, जिसकी शूटिंग हाल ही में मुंबई में हुई है।

रिपोर्ट्स की मानें तो आलिया फेमस पंजाबी सॉन्ग लम्बरगिनी फेम दूरबीन के ट्रैक में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग हाल ही में मुंबई में हुई है। बताया गया है कि इस सिंगल का टाइटल प्राडा रखा गया है। कहा यह भी जा रहा है कि इस नए सॉन्ग को 5 अगस्त को रिलीज किया जा सकता है। रिपोर्ट्स यह भी है कि दिल्ली के ये दोनों कलाकार कुछ वीक पहले ही मुंबई पहुंचे हैं। याद दिला दें कि इसी साल के शुरुआत में आलिया भट्ट का एक विडियो भी काफी वायरल हुआ था, जिसमें वह अपनी फ्रेंड देविका आडवाणी की शादी में इसी फेमस सॉन्ग लम्बरगिनी की डांस करती नजर आ रही थीं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया बहुत जल्द करण जौहर की फिल्म तख्त में नजर आनेवाली हैं, जिसमें रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। इनके अलावा इस फिल्म में विक्की कौशल, करीना कपूर खान, जान्हवी कपूर, भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

आलिया इस फिल्म के अलावा अपने पिता की फिल्म सड़क 2 में भी नजर आएंगी, जो पुरानी फिल्म सड़क का सीक्वल है।


## परिणीति चोपड़ा ने शुरू की गर्ल ऑन द ट्रेन के हिंदी रीमेक की शूटिंग



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अमेरिकन फिल्म गर्ल ऑन द ट्रेन के हिंदी रीमेक की शूटिंग शुरू कर दी है। इस अनाम फिल्म का डायरेक्शन रिभु दासगुप्ता कर रहे हैं जिन्होंने इससे पहले अमिताभ बच्चन स्टारर तीन बनाई थी।

दासगुप्ता ने ट्वीट किया, परिणीति के साथ आज ट्रेन की सवारी, जल्द ही अदिति राव हैदरी और कीर्ति कुल्हरी भी जॉइन करेंगी। बता दें, ऐक्ट्रेस एमिली ब्लंट की 2016 में आई थ्रिलर फिल्म का यह ऑफिशल रीमेक है। परिणीति ने भी इंस्टाग्राम पर फिल्म का क्लैपबोर्ड शेयर किया। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर को रिलायंस एंटरटेनमेंट प्रड्यूस कर रहा है। मेकर्स इसे 2020 में रिलीज करना चाह रहे हैं। फिल्म 2015 में आई पॉला हॉकिन्स की बेस्टसेलर किताब पर बेस्ड है। फिल्म एक तलाकशुदा महिला की कहानी है जो एक लापता व्यक्ति की जांच में उलझ जाती है। हिंदी रीमेक में परिणीति नशे की लत से पीड़ित तलाकशुदा महिला के रोल में नजर आएंगी।

## इक्का में होगा अक्षय कुमार का डबल रोल



जिस तेजी के साथ अक्षय कुमार फिल्में साइन कर रहे हैं और अनाउंस कर रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि वह बाकी फिल्म स्टार्स पर आने वाले टाइम में भी भारी पड़ने वाले हैं। अक्षय स्टारर मिशन मंगल इस स्वतंत्रा दिवस पर रिलीज होने वाली है। इसके अलावा वह सूर्यवंशी, गुड न्यूज और लक्ष्मी बम में भी नजर आएंगे।

अक्षय पहले ही मिशन मंगल में डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ काम कर रहे हैं और अब वह उनकी अगली फिल्म इक्का में भी नजर आएंगे। इक्का एआर मुरुगदास की तमिल फिल्म कत्थी का हिंदी रीमेक होगी। इस फिल्म में अक्षय डबल रोल में नजर आएंगे।

जगन शक्ति मिशन मंगल से डायरेक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। पहले वह इक्का से ही डेब्यू करने वाले थे। लेकिन जब जगन को इसरो की दिलचस्प कहानी मिली, तो उन्होंने इक्का को छोड़ मिशन मंगल बनाने का फैसला किया। बता दें कि जगन शक्ति चीनी कम, पा, इंग्लिश विंग्लिश, थुपक्की और हॉलिडे में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया।

जगन का कहना है कि अब जल्दी ही इक्का की शूटिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रॉजेक्ट उनके दिल के काफी करीब है और फिलहाल इसकी स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। बता दें कि तमिल फिल्म कत्थी में ऐक्टर विजय लीड रोल में थे और फिल्म की कहानी किसानों की आत्महत्या पर आधारित थी।

फिलहाल तो जगन शक्ति को मिशन मंगल की रिलीज का इंतजार है। इस फिल्म में अक्षय के अलावा विद्या बालन, तापसी पन्नू, नित्या मेनन, कीर्ति कुल्हारी और सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आएंगी।